<u>संदेश</u>

राम नवमी के शुभ अवसर पर, मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

राम नवमी का उल्लासमय पर्व, मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के जन्मदिवस के उपलक्ष में मनाया जाता है। न्याय और मानवीय गरिमा के लिए सतत प्रयास करते रहने के हमारे संकल्प को मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्शों से संबल मिलता है। भगवान श्री राम ने हमें धर्म के अनुसार जीना सिखाया। उनके संपूर्ण जीवन और सदाचार, सत्यनिष्ठा एवं संयम की उनकी शिक्षाओं से हमें निरंतर प्रेरणा मिलती है।

आइए, इस अवसर पर हम सभी अपने जीवन में भगवान श्री राम के आदर्शों का अनुसरण करते रहने का संकल्प लें और एक गौरवमय भारत के निर्माण के लिए एकजुट प्रयास करें।

****